प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
15.03.2025/प्रादेशिक समाचार/9.20 बजे

उप–मुख्यमंत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र में जलशक्ति विभाग के माध्यम से पेयजल, सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण और सिवरेज पर 2 सौ 58 करोड़ रुपये के कार्य प्रगति पर है। वे कल पालमपुर में राज्यस्तरीय होली महोत्सव के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के सुधार व विस्तार पर 48 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। जबकि पालमपुर शहर में पेयजल सुधार और सिवरेज सुविधा पर एक सौ 35 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि होली रंगों आपसी भाईचारे, प्रेम और बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव है। अग्निहोत्री ने इस दौरान क्षेत्र में कई विकासात्मक योजनाओं के उदघाटन व शिलान्यास भी किए।

सुजानपुर होली

इस बीच हमीरपुर जिले के सुजानपुर में चार दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के होली मेले में हिमाचल संस्कृति को बढ़ावा देने और महिला शक्ति के उत्थान के लिए कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी करवाया जा रहा है। सी.डी.पी.ओ. कुलदीप चौहान ने बताया कि मेले में हर रोज चार से 5 प्रतियोगिताओं का आयोजन महिला सशक्तिकरण के उदेशय से किया जा रहा है जिनमें मैहंदी, चित्रकारी व अन्य प्रतियोगिताएं शामिल है। उन्होंने कहा कि इस बार होली मेले में प्रदेश का प्रसिद्ध लोकनृत्य झमाकड़ा का भी आयोजन किया गया, जिसमें करीब चार सौ महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

बजट

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू सोमवार 17 मार्च को सुबह 11 बजे विधानसभा में अगले वित्त वर्ष का बजट पेश करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले ये बजट पूर्व निर्धारित समय के अनुसार 17 मार्च को दोपहर 2 बजे प्रस्तुत किया जाना था। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के अनुसार विधायकों के आग्रह के बाद विधानसभा की बिजनेस एडवाइज़री कमेटी ने बजट प्रस्तुत करने के समय में बदलाव किया है।

हमला

बीते कल बिलासपुर सदर से कांग्रेस के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर अज्ञात हमलावरों द्वारा गोलियों से किए गए हमले के बाद उनका उपचार आई.जी.एम.सी. शिमला में डॉक्टरों की निगरानी में चल रहा है। आईजीएमसी शिमला के सीएमओ डॉक्टर पुंडिर ने बताया कि बंबर ठाकुर की हालत स्थिर बनी हुई है और अब वे खतरे से बाहर है।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इस घटना पर दुख जताते हुए ज़िला पुलिस को आरोपियों को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए हैं।

उपभोक्ता अधिकार दिवस

आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस है। यह दिवस हर वर्ष 15 मार्च को उपभोक्ता अधिकारों और उनकी सुरक्षा बनाए रखने की आवश्यकता की याद दिलाने के लिए मनाया जाता है। यह दिन सभी उपभोक्ताओं के मूल अधिकारों को बढ़ावा देने व उन अधिकारों का सम्मान और संरक्षण करने के लिए प्रोत्साहित करने का भी अवसर है। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 2025 का विषय है–सतत जीवन शैली के लिए न्यायोचित परिवर्तन।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। जिसके चलते कल सायं से राज्य की ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात जबकि कई अन्य स्थानों पर हल्की वर्षा का क्रम रूक–रूक जारी है। बीती रात कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि होने का भी समाचार है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर वर्षा जबकि ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात की संभावना जताई है।

————————————